दिनांक 22.07.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# वृक्षारोपण से पूर्व उद्यानों की साफ–सफाई निरंतर जारी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्र के उद्यानों की साफ–सफाई कार्य निरंतर जारी है। पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यानों को हरा–भरा रखने गाजर घांस, अनावश्यक फैले शाखाओं की कटाई–छटाई कराया जा रहा है। जिससे उद्यानों के रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण किया जा सके। उद्यान विभाग में कार्यरत प्लेसमेंटधनियमित कर्मचारी उद्यान अधिकारी एवं सहायक उद्यान अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य कर रहे है। बरसात के दिनों में पर्यावरण के अनुकुल एवं प्रजातिवार पौधे रोपित किया जा रहा है। डिवाईडरो में भी शोभायमान एवं फुलदार पौधे लगाए जा रहे है, जिससे शहर की सुन्दरता को बरकरार रखा जा सके। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के समाजसेवी संस्थाओ, समितियों एवं आम नागरिको से अपील किए है कि उद्यान विभाग के नर्सरी में पौधे उपलब्ध है। अधिकारी के नाम से आवेदन कर पौधे प्राप्त कर सकते है और अपने घरो, गली–मोहल्लो जहां भी रिक्त स्थल है, वहां पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा स्वयं के देखरेख में कर सकते है। पर्यावरण प्रेमियों के लिए यह बहुत ही अच्छा मौका है, पर्यावरण से जुड़कर कार्य करें और हरियाली बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

